# राजकीय महाविद्यालय चम्बा हिमाचल प्रदेश

Accredited 'B+' By NAAC

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चम्बा हि. प्र.
आरोह तमसो ज्योति

## वार्षिक प्रतिवेदन

**2018-2019**

**वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के शुभावसर पर,**
**सेवा में प्रस्तुत**

# श्री हरिकेश मीणा

माननीय उपायुक्त चम्बा, जिला चम्बा ( हि.प्र )

प्रस्तुति : 15 मार्च 2019

सम्पादकीय
प्रोफेसर सुनीता महाजन

प्राचार्य
डॉ0 शिव दयाल

# वार्षिक प्रतिवेदन

मान्यवर,

राजकीय महाविद्यालय चम्बा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमान हरिकेश मीणा जी माननीय उपायुक्त चम्बा, उपस्थित अतिथिगण,पत्रकार बन्धु, सहयोगी वर्ग एवं प्रिय विद्यार्थियो, आज के इस समारोह के शुभ अवसर पर मैं महाविद्यालय परिवार की तरफ से आपका हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ।

हम इस समारोह के मुख्यातिथि के अत्यन्त आभारी हैं जिन्होंने अपना कीमती समय निकालकर समारोह में पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई है। यह हमारा परम सौभाग्य है कि आज हमारे मध्य एक ऐसे प्रतिष्ठित और विशिष्ट महानुभाव मुख्यातिथि के रूप में विराजमान हैं जो स्वयं कर्मठता,साहस और सफलता के प्रतीक हैं।

माननीय उपायुक्त चम्बा श्री हरिकेश मीणा जी मूलतः स्वाई माधोपुर राजस्थान के रहने वाले है। आपने अपनी प्रारंभिक शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यामिक पाठशाला भड़ौली राजस्थान के एक गांव से पूर्ण की है। तदोपरान्त आई॰आई॰टी॰ कानपुर से आपने Electrical Engineering में बी॰ टैक किया। दो वर्षों तक आपने कोटा के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान Resonance में अध्यापन कार्य किया। उसके बाद आपने निजी क्षेत्र में भी अपना अमूल्य योगदान दिया। वर्ष 2009 में आप राजस्थान कैडर में आई॰एफ॰एस॰ बने, लेकिन आपके हौसलें बुलंद थे और आपने अपने मन में कुछ और ही करने कि ठान रखी थी। कड़ी मेहनत और लग्न से वर्ष 2012 में आप हिमाचल कैडर में आई॰ए॰एस॰ बने। सुन्दरनगर में आप प्रोबेशन पर रहे इसके पश्चात एस॰डी॰एम॰ नालागढ़, ए॰डी॰सी॰ मण्डी, विशेष सचिव PWD और IPH भी रहे। आप जनवरी 2018 से चम्बा जिला के माननीय उपायुक्त हैं। आपके दिशा–निर्देश में चम्बा जिला पिछड़ा होने के बावजूद भी तेज गति से विकास की और अग्रसर हो रहा है। हमें आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप चम्बा जिले के पिछड़ेपन के टैग को अवश्य मिटा देंगे और चम्बा के साथ–साथ हमारे संस्थान को भी देश में सर्वोत्तम स्थान दिलाऐंगे।

इससे पहले कि मैं सत्र 2018–19 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करूँ, मैं आज के समारोह के मुख्य अतिथि का इस मांगलिक अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से पुनः हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ। आपके द्वारा पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने आप को सौभाग्यशाली समझेगें। मैं आशा करता हूँ कि आपसे प्रेरणा लेकर आपके गुणों को अपने व्यक्तित्व में ढालने का प्रयास भी करेंगे।

## महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापक एवं अन्य कर्मचारियों का विवरण-

## प्राध्यापक वर्ग :-

महाविद्यालय में कार्यरत् प्राध्यापक सुयोग्य, परिश्रमी एवं अपने–अपने क्षेत्र में लब्धप्रतिष्ठ हैं। मैं यहां बड़े गर्व से आपको बताना चाहता हुँ कि हमारे महाविद्यालय की M.A Economice चतुर्थ सत्र की एक छात्रा कुमारी ममता स्पुत्री श्री धिन्द्रों ने UGC Net और HPPSC का SELT Exam पास किया। यह हमारे महाविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण तथा परिश्रमी प्राध्यापकों से ही संभव हो पाया। महाविद्यालय में प्राचार्य सहित प्राध्यापकों के 47 पद स्वीकृत हैं। जिनमें से 37 पद भरे हुए हैं, इनमें से 21 प्राध्यापक नियमित रूप से, 14 प्राध्यापक अनुबन्ध आधार पर, 01 सहायता अनुदान राशि पर तथा 01 स्थानीय सहायता अनुदान राशि पर कार्यरत् हैं। प्राध्यापक वर्ग के 10 पद रिक्त हैं जिनका विवरण निम्न प्रकार से है:——

राजनीति शास्त्र–01, रसायन शास्त्र–01, भू–विज्ञान–02, भौतिक विज्ञान–01, टूर एंड ट्रैवलज–01, अंग्रेंजी–02, संगीत(वाद्यय)–01 तथा इतिहास का 01 पद रिक्त है।

## कार्यालय कर्मचारी वर्ग-

कार्यालय कर्मचारी वर्ग में कार्यालय अधीक्षक सहित 27 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 25 पदों पर कर्मचारी कार्यरत् हैं। इस वर्ग में सहायक पुस्तकायल अध्यक्ष तथा वरिष्ठ सहायक के 01–01 पद रिक्त है।

## विद्यार्थी संख्या-

वर्तमान में महाविद्यालय में 4052 विद्यार्थी अध्ययनरत् हैं जिनमें से 2078 छात्र और 1974 छात्राएँ हैं। महाविद्यालय में 758 छात्र–छात्राएं अनुसूचित जाति, 972 छात्र–छात्राएं अनुसूचित जन–जाति, 116 छात्र–छात्राएं अन्य पिछड़ा वर्ग तथा 2206 छात्र–छात्राएं सामान्य वर्ग से सम्बन्धित हैं।

## सत्र 2018-2019 में घोषित परिणाम

CBCS RUSA के अन्तर्गत जो परिणाम 2018–2019 में घोषित हुए, उनमें जिन्होंने प्रथम व द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया, वे इस प्रकार से है———

| Class | Name | S.G.P.A | Position |
|---|---|---|---|
| B.A. 1st Sem | आशीष कुमार | 8.41 | 1st in Aggregate |
| | कुमारी सरस्वती | 8.18 | 2nd in Aggregate |
| B.A. 3rd Sem | अपूर्वा पाण्डे | 8.59 | 1st in Aggregate |
| | रिया ठाकुर | 8.45 | 2nd in Aggregate |
| B.A. 4th Sem | अपूर्वा पाण्डे | 8.75 | 1st in Aggregate |
| | वैशाली कुमारी | 8.34 | 2nd in Aggregate |

| Class | Name | C.G.P.A | Position |
|---|---|---|---|
| B.A. 6th Sem | रीतु देवी | 8.93 | 1st in Aggregate |
| | निशा कुमारी | 8.88 | 2nd in Aggregate |
| **Class** | **Name** | **S.G.P.A** | **Position** |
| B.Sc. 1st Sem | शैफाली चौधरी | 8.68 | 1st in Aggregate |
| | कमल किशोर | 7.73 | 2nd in Aggregate |
| B.Sc. 3rd Sem | सीमा देवी | 9.09 | 1st in Aggregate |
| | तरूण शर्मा | 8.59 | 2nd in Aggregate |
| B.Sc. 4th Sem | तरूण शर्मा | 9.32 | 1st in Aggregate |
| | अभिनव | 9.05 | 2nd in Aggregate |
| **Class** | **Name** | **C.G.P.A** | **Position** |
| B.Sc. 6th Sem | अक्षय कुमार | 9.17 | 1st in Aggregate |
| | सरला ठाकुर | 9.10 | 2nd in Aggregate |
| **Class** | **Name** | **S.G.P.A** | **Position** |
| B.Com 1st Sem | देवेश नागपाल | 8.18 | 1st in Aggregate |
| | शिपरा महाजन | 7.55 | 2nd in Aggregate |
| B.Com 3rd Sem | तारिका शर्मा | 7.55 | 1st in Aggregate |
| | अभिनव चौणा | 7.55 | 1st in Aggregate |
| | मधु शर्मा | 7.23 | 2nd in Aggregate |
| B.Com. 2nd Sem | गणिका रत्रा | 8.00 | 1st in Aggregate |
| | मुकेश | 7.50 | 2nd in Aggregate |
| | विजय कुमार | 7.00 | 3rd in Aggregate |
| | तन्वी गौतम | 7.00 | 3rd in Aggregate |
| | मधु शर्मा | 7.00 | 3rd in Aggregate |
| | मनीषा देवी | 7.00 | 3rd in Aggregate |
| | तारिका शर्मा | 7.00 | 3rd in Aggregate |
| | चेतना छावड़ा | 7.00 | 3rd in Aggregate |
| B.Com. 4th Sem | गणिका रत्रा | 7.00 | 2nd in Aggregate |
| | शीनम महाजन | 6.91 | 3rd in Aggregate |
| **Class** | **Name** | **C.G.P.A.** | **Position** |
| B.Com 6th Sem | आरूषी वर्मा | 9.10 | 1st in Aggregate |
| | सोनालिका | 8.60 | 2nd in Aggregate |

**B.B.A 2018-19 Batch**

| Class | Name | S.G.P.A | Position |
|---|---|---|---|
| B.B.A 1st | अनिकेत ठाकुर | 7.20 | 1st in Aggregate |
| | पल्लवी गौतम | 7.09 | 2nd in Aggregate |
| B.B.A 2nd | अनिकेत ठाकुर | 7.32 | 1st in Aggregate |
| | पल्लवी गौतम | 7.05 | 2nd in Aggregate |
| B.B.A 3rd | हिमालय ठाकुर | 7.90 | 1st in Aggregate |
| | शिवानी शर्मा | 7.60 | 2nd in Aggregate |
| B.B.A 4th | हिमालय ठाकुर | 8.20 | 1st in Aggregate |
| | शिवानी शर्मा | 7.40 | 2nd in Aggregate |

| Class | Name | C.G.P.A | Position |
|---|---|---|---|
| B.B.A 6th Sem | प्रतीक महाजन | 7.97 | 1st in Aggregate |
| | कणवी चौधरी | 7.66 | 2nd in Aggregate |

| Class | Name | S.G.P.A | Position |
|---|---|---|---|
| B.C.A 1st sem | अंकित वर्मा | 7.52 | 1st in Aggregate |
| | हरीश कुमार | 7.31 | 2nd in Aggregate |
| | सेवल्ड राजेंद्र निर्दोषी | 7.31 | 2nd in Aggregate |
| B.C.A 3rd Sem | तनीशा कुमारी | 7.29 | 1st in Aggregate |
| | मनोज कुमार | 6.75 | 2nd in Aggregate |
| B.C.A 5th Sem | ओम प्रकाश | 7.74 | 1st in Aggregate |
| | सोनिया कुकरेजा | 7.63 | 2nd in Aggregate |
| B.C.A 2nd sem | प्रणव प्रणेश धीमान | 8.23 | 1st in Aggregate |
| | सोम राज | 7.92 | 2nd in Aggregate |
| | हरीश कुमार | 7.23 | 1st in Aggregate |
| | अंकित वर्मा | 6.87 | 2nd inAggregate |
| B.C.A 4th Sem | प्रणव प्रणेश धीमान | 8.02 | 1st in Aggregate |
| | सोम राज | 7.81 | 2nd in Aggregate |

| Class | Name | C.G.P.A. | Position |
|---|---|---|---|
| B.C.A 5th Sem | तनिषा | 7.98 | 1st in Aggregate |
| | मनोज कुमार | 7.63 | 2nd in Aggregate |
| B.C.A 6th Sem | तनिषा | 7.87 | 1st in Aggregate |
| | पारस चौहान | 7.20 | 2nd in Aggregate |

| Class | Name | Percentage | Position |
|---|---|---|---|
| P.G.D.C.A 1st Sem | शीतल कुमारी | 77.3 | 1st in Aggregate |
| | ओशिन ब्रेले | 74.8 | 2st in Aggregate |
| P.G.D.C.A2nd Sem | ओशिन ब्रेले | 84 | 1st in Aggregate |
| | शीतल कुमार | 78 | 2nd in Aggregate |

## एम0 ए0 राजनीतिक विज्ञान

| | | |
|---|---|---|
| M.A. 1st Sem | रहिन्द्रा कुमारी | 1st in Aggregate |
| | दीक्षा कुमारी | 2nd in Aggregate |
| M.A. 3rd Sem | राकेश कुमार | 1st in Aggregate |
| | मनीषा | 2nd in Aggregate |
| M.A. 2nd Sem | दीक्षा कुमारी | 1st in Aggregate |
| | मीना देवी | 2nd in Aggregate |
| M.A. 4th Sem | अनुज कुमार | 1st in Aggregate |
| | संजय कुमार | 2nd in Aggregate |

## एम0 ए0 हिन्दी

| | | |
|---|---|---|
| M.A. 1st Sem | मीनाक्षी शर्मा | 1st in Aggregate |
| | सेवती देवी | 2nd in Aggregate |
| M.A. 3rd Sem | रीना देवी | 1st in Aggregate |
| | तनीषा | 2nd in Aggregate |
| M.A. 2nd Sem | सेवती देवी | 1st in Aggregate |
| | संजय कुमार | 2nd in Aggregate |
| M.A. 4th Sem | रीना देवी | 1st in Aggregate |
| | मीनाक्षी देवी | 2nd in Aggregate |

## एम0 ए0 अंग्रेजी

| | | |
|---|---|---|
| M.A. 1st Sem | वैशाली | 1st in Aggregate |
| | अंजू कुमारी | 2nd in Aggregate |
| M.A. 3rd Sem | सुनैना कौशल | 1st in Aggregate |
| | शैल्जा कुमारी | 2nd in Aggregate |
| M.A. 2nd Sem | अंजू कुमारी | 1st in Aggregate |
| | सपना देवी | 2nd in Aggregate |
| M.A. 4th Sem | सुनैना कौशल | 1st in Aggregate |
| | शैल्जा कुमारी | 2nd in Aggregate |

## एम0 ए0 अर्थशास्त्र

| | | |
|---|---|---|
| M.A. 1st Sem | चिन्ता देवी | 1st in Aggregate |
| | बन्दना कुमारी | 2nd in Aggregate |
| M.A. 3rd Sem | किरण वाला | 1st in Aggregate |
| | सोम कुमार | 2nd in Aggregate |
| | ओम प्रकाश | 2nd in Aggregate |
| M.A. 2nd Sem | मोनिका कुमारी | 1st in Aggregate |
| | राशु कुमारी | 2nd in Aggregate |
| M.A. 4th Sem | आशा कुमारी | 1st in Aggregate |
| | लियाकत अली | 2nd in Aggregate |

## हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय मूल्यांकन केंन्द्र -

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा इस महाविद्यालय को मूल्यांकन केन्द्र भी बनाया गया है। इसमें हि.प्र. विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक स्तर की परीक्षाओं का मूल्यांकन किया गया। जिसमें मई 2018 में द्वितीय तथा चतुर्थ सत्र की 6872 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। दिसम्बर 2018 में प्रथम, तृतीय व पंच्चम सत्र की 12379 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। इसमें हमारे महाविद्यालय के प्राध्यापकों के अतिरिक्त बाहरी महाविद्यालयों के प्राध्यापकों ने भी अपनी सेवाएं दी।

## आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा –

छात्रों की योग्यता का मूल्यांकन करने और अध्ययनशीलता को विकसित करने के लिए आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा का बहुत महत्व है। इसी श्रृंखला में असिस्टैंट प्रो. डॉ. मनेष वर्मा तथा डॉ. हेमन्त पाल की देख– रेख में Mid Term परीक्षाएं अक्तूबर 2018 तथा फरवरी 2019 में करवाई गई।

## छात्रवृत्तियाँ –

सरकार द्वारा समय–समय पर विभिन्न वर्गों के छात्रों को छात्रवृतियां प्रदान की जाती है। इसके अन्तर्गत वर्तमान सत्र में 'Post Matric छात्रवृति योजना' के तहत अन्य पिछड़ा वर्ग की 01, अनुसूचित जाति के 15 तथा अनुसूचित जनजाति के 27 विद्यार्थियों ने आवेदन किया। 'कल्पना चावला छात्रवृति योजना' के अन्तर्गत 41, आई.आर.डी.पी. छात्रवृति योजना के तहत 20 तथा 'राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल' के अन्तर्गत 02 विद्यार्थियों ने आवेदन किया।

## रूसा अनुदान

- राष्ट्रीय उच्चत्तर शिक्षा अभियान के **Equity Initiatives components** में स्वीकृत धनराशी से लड़कियों को आत्मरक्षा व सुरक्षा प्रशिक्षण, चम्बा रुमाल डिजाईनिंग तथा चम्बा कढाई के सफलतम प्रशिक्षण के बाद महाविद्यालय की छात्राओं को आत्मनिर्भर व कुशल बनाने हेतू Beautician, Stitching, Embriodary, Cutting और Tailoring का प्रशिक्षण करवाया गया।
- रूसा के Infrastructure Grant के अर्न्तगत पी.जी. ब्लॉक की कुल स्वीकृत 70 लाख की राशि में से शेष 17.50 लाख की बची हुई राशि लो.नि. विभाग चम्बा में जमा

करवा दी गई है, ताकि शीघ्रतापूर्वक नये भवन का काम शुरू हो सके। इसी अनुदान के तहत राजकीय महाविद्यालय चम्बा के आई.टी.आई. परिसर के समीप वार्डन आवास बनाने हेतू कुल स्वीकृत 27.56 लाख कि राशि लो.नि. विभाग के पास जमा करवा दी गई है, ताकि वार्डन आवास बनने से विद्यार्थी लाभान्वित हो सके।

- भू–गर्भ विज्ञान विभाग के लिए दो Polorized Microscop खरीदे गऐ तथा महाविद्यालय प्राचार्य कक्ष में ट्राफी, ईनाम, स्मृति चिन्ह व सी.सी.टी.वी. डिस्पले के लिए लकड़ी की शोकेश अलमारी बनवाई गई।
- छात्र–छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुऐ RUSA Infrastructure Grant से उच्च स्तरीय गुणवत्ता के 48 सी.सीं.टी.वी. कैमरे तथा 50 इंच की एल.ई.डी. लगवाई गयी ताकि महाविद्यालय का कोना–कोना निगरानी में रहें तथा कोई भी अप्रिय व आवंछनीय घटना ना घट पाऐं।

## शारीरिक शिक्षा एवं खेल–कूद गतिविधियाँ –

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग का निर्माण होता है। लेकिन स्वस्थ शरीर शारीरिक शिक्षा के बिना संभव नही है, वास्तव में शारीरिक शिक्षा आम शिक्षा का वह अनिवार्य अंग है जो शारीरिक क्रियाओं द्वारा मानव के आचार–व्यवहार को सही दिशा देती है। परिणामस्वरूप खेलकूद में भाग लेने वाले छात्र–छात्राओं की स्वास्थ्य वृद्धि के साथ–साथ उनमें निर्भीकता, साहस, शौर्य, आत्म–विश्वास, पारस्परिक मेल–जोल तथा हार को जीत में बदलने की क्षमता पैदा होती है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए शारीरिक शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों में शारीरिक शक्ति, उर्जा सौष्ठवता, लचक, सहनशीलता, लय और गति उत्पन्न करने हेतू महाविद्यालय में एक व्यायामशाला स्थापित की हुई है, जिससे विद्यार्थियों में आदर्श जीवन मूल्यों के प्रति एकाग्र दृष्टि विकसित हो तथा वे पथभ्रमित न हों।

उपरोक्त विशेषताओं को विद्यार्थियों में उत्पन्न करने के उद्देश्य से वर्ष 2018–2019 के सत्र में महाविद्यालय प्रशासन ने यहाँ पठन–पाठन कर रहे छात्रों को कई अवसर प्रदान किए तथा अनेक होनहार छात्रों ने सह प्राध्यापिका सुनीता महाजन के नेतृत्व में खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपना तथा महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

इसी क्रम में महाविद्यालय के B.Voc. 1st Semester के छात्र साहिल ने North Zone Inter University Hockey प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश

विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया जो 'अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय' अलीगढ़ में हुई।

महाविद्यालय के छात्र विकास शाह B.Sc 1st Year ने National Kick Boxing Championship जो सोलन में हुई में 58kg. Weight Category में Bronze Medal जीता।

महाविद्यालय के छात्र सुनील कुमार B.A. 4th Sem ने Joginder nagar में संपन्न हुई Inter College Cross Country प्रतियोगिता में भाग लेकर Bronze Medal जीता तथा इस छात्र का All India Inter University Cross Country के लिए भी चयन हुआ।

महाविद्यालय के छात्र मोहन लाल B.A.1st Year ने Inter College Wrestling Championship में Silver Medal जीता जो M.L.S.M. College Sundernagar में हुई।

महाविद्यालय के छात्र हरीश B.A. 6th sem ने Inter College Weight lifting Championship जो Government College Indora में हुई में Bronze Medal जीता।

महाविद्यालय के छात्र आशीष जरियाल BA 1st Year ने Open State Badminton Championship जो धर्मशाला में हुई में Badminton doubles Game में Gold Medal जीता।

महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जैसे शतरंज प्रतियोगिता महिला एवं पुरुष वर्ग Government College Theog, Badminton Government College Mandi, Table -Tennis Government College Solan, Football Govt. College Kullu, Hockey Govt. College Una, Taekwando Govt. College Jwalamukhi, Weight lifting Govt. College Indora में सम्पन्न हुई।

महाविद्यालय की वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता 19 तथा 20 दिसम्बर 2018 को पुलिस मैंदान बारगाह चम्बा में हुई। इसका उद्घाटन चम्बा जिला के पुलिस अधीक्षक डॉ. मोनिका भटुंगुरु ने किया तथा समापन हमारे ही महाविद्यालय के सेवानिवृत सह प्राध्यापक डॉ. पी.के. गुप्ता द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में कुमारी अंजू देवी को दूसरी बार महिला वर्ग तथा राम सिंह को पुरुष वर्ग में Best Athlete घोषित किया गया।

# सांस्कृतिक गतिविधियाँ -

सत्र 2018–2019 के दौरान महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश अंतर महाविद्यालय युवा समारोह प्रथम(सृजनात्मकता) वर्ग में डॉ॰ अजय के मार्गदर्शन में भाग लिया। यह समूह राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान शिमला में आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता में हमारें विद्यार्थियों ने वाद–विवाद, वक्तृत्व कला, पोस्टर बनाओं, प्रश्नोत्तरी, रंगोली, कोलाज बनाओ, कार्टूनिंग, स्पॉट पेंटिग, मूर्ति कला इत्यादि में सराहनीय प्रदर्शन किया।

युवा महोत्सव समूह चार(अभिनय) का आयोजन 8 अक्तुबर से 12 अक्तुबर तक राजकीय महाविद्यालय सीमा (रोहडू) में हुआ। सहायक प्राध्यापक डॉ॰ सन्तोष कुमार के निर्देशन में हमारे छात्रों ने एकांकी (One Act Play), प्रहसन (Skit), मूक अभिनय (Mime), अनुकरण (Mimicry) में भाग लेकर प्रहसन (Skit) और अनुकरण(Mimicry) में प्रदेश भर में द्वितीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

हमारे महाविद्यालय के संगीत विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ॰ उज्ज्वल कटोच के उचित मार्गदर्शन में छात्रों ने राज्य युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के तत्वाधान से आयोजित 'ओपन युथ फेस्टीवल' में भाग लेकर बाँसुरी वादन तथा वाद्य वृंद में प्रथम स्थान हासिल किया।

## इरावती ( वार्षिक पत्रिका )

छात्रो के स्वतन्त्र लेखन की मनोवृति को उद्घाटित करने के लिए तथा विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहन देने हेतू महाविद्यालय की इरावती पत्रिका का प्रकाशन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। इस पत्रिका के सम्पादन मण्डल का विवरण इस प्रकार है:—

संरक्षकः–डॉ॰ शिवदयाल शर्मा — मुख्य सम्पादकः–प्रो॰अविनाश

| अनुभाग | प्राध्यापक सम्पादक | छात्र सम्पादक |
|---|---|---|
| अंग्रेजी | डॉ॰ जय श्री | रिंकु |
| हिन्दी | डॉ॰ सन्तोष | कुमारी अनिता |
| संस्कृत | आचार्य रघुवीर शर्मा | कुमारी अभिलाशा |
| पहाड़ी | श्रीमति पूनम सभरवाल | कुमारी केसरी |
| योजना | श्री हाकम चन्द | यासीन राज |
| शारीरिक शिक्षा | श्रीमति सुनीता महाजन | कुमारी ऊमा |
| विज्ञान | कुमारी सुमित | कुमारी प्रीतिका |
| भूगोल | कुमारी प्रोमिला | कुमारी लाघ्वी शर्मा |
| वाणिज्य | श्रीमति शैली महाजन | रमन ऊपमन्यु |

## इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ( इकाई चम्बा )

वर्तमान में महाविद्यालय के भौतिक विभाग के सह प्राध्यापक डॉ॰ राकेश राठौर इस केन्द्र के समन्वयक तथा डॉ॰ जय श्री सहायक समन्वयक है। महाविद्यालय में इस केन्द्र की स्थापना 1990 में हुई तथा इस केन्द्र का कोड 1106 है। इस अध्ययन केन्द्र में लगभग 1356 विद्यार्थी अध्ययनरत् हैं।

इस अध्ययन केन्द्र का अपना पुस्तकालय है जिसमें 700 पुस्तकें हैं तथा इसका अपना परीक्षा केन्द्र है और वर्ष में दो बार जून व दिसम्बर माह में परीक्षाएं करवाई जाती है।

## पुस्तकालय –

महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की 20799 पुस्तकें हैं। पुस्तकालय में एक पुस्तक बैंक भी है जिससे IRDP परिवार से सम्बन्धित छात्र–छात्राओं को पुस्तकें आबंटित की जाती है। इस पुस्तक बैंक में 3826 पुस्तकें उपलब्ध है।

महाविद्यालय के पुस्तकालय में लगभग 8 समाचार पत्र तथा 20 सप्ताहिक मासिक पत्रिकाएँ आती है। महाविद्यालय के पुस्तकालय को Computerised भी किया गया है। पुस्तकों की सूची को Soul Software में डालकर। पुस्तकायलय को इन्टरनैट से भी जोड़ा गया है, जिससे छात्र–छात्राओं को अध्ययन में बहुत लाभ मिल रहा है। इस सत्र में 50 कुर्सियां और 5 मेज राज्य सरकार द्वारा पुस्तकालय को प्राप्त हुए है। पुस्तकालय के सभी कार्य सहायक प्राध्यापिका श्रीमति पूर्णिमा शर्मा तथा कुमारी बबीता की देख–रेख में सम्पन होता है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना –

वर्तमान में महाविद्यालय में पुरुष तथा महिला दो इकाईयां है, जो कि प्रोग्राम ऑफिसर सहायक प्राध्यापक प्रो॰ आशीष कुमार एवं सहायक प्राध्यापिका प्रो॰ सुमित की देख–रेख में चलाई जा रही हैं। सत्र 2018–2019 के लिए 200 स्वयंसेवकों का पंजीकरण किया गया। मानव संसाधन मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों को दो भागों में बांटा जाता है:– नियमित गतिविधियाँ और वार्षिक गतिविधियाँ।

वार्षिक आयोजन के लिए गलू गाँव, कुष्ठ निवारण केन्द्र सरोल तथा अपने महाविद्यालय को चुना गया। सात दिवसीय दिन–रात के कैम्प में 100 स्वयंसेवकों ने प्रोग्राम अधिकारियों की देखरेख में श्रमदान के साथ–साथ अनुसंधान एवं शैक्षणिक कार्यो में भाग लिया। स्वयंसेवियों ने कॉलेज कैंम्पस की सफाई की तथा कुष्ठ निवारण केन्द्र में जाकर रोगियों से उनका कुशलक्षेम पूछा। इसके साथ ही चम्बा मेडिकल

कॉलेज के चौगान न. 5 में साफ–सफाई की, भूरिं सिंह सग्रहालय का दौरा किया तथा नशे के ऊपर लघु नाटिका करके लोगों को जागरुक किया। इस कैम्प में रमेश एवं मनीषा को **Best Volunteer** और पवेन्द्र कुमार और बवीता कुमारी को **Best Camper** घोषित किया गया।

एक दिवसीय कैम्प का आयोजन वन विभाग के सौजन्य से गेट तथा खजियार गाँव में करवाया गया, जिसमें उपायुक्त चम्बा तथा वन मण्डल अधिकारी चम्बा के साथ मिलकर 60 स्वयंसेवियों ने पौधारोपण किया। मिंजर मेंले में स्वयंसेवियों ने 7 दिन तक चम्बा चौगान में साफ–सफाई की तथा लोगों को स्वच्छता के बारें में जागरूक भी किया।

# नेशनल कैडेट कोर

महाविद्यालय की नेशनल कैडेट कोर इकाई का संचालन सहायक प्राध्यापिका नवेंन्दु बंसल द्वारा सफलतापूर्वक किया जा रहा है। सत्र 2018–2019 के लिए 54 कैडेट्स चयनित किए गये। इनमें 25 छात्राएं और 29 छात्र है। वर्ष भर में आयोजित की गई इस इकाई की गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है–

- **C ATC 231** का आयोजन बनीखेत में हुआ यहां पर महाविद्यालय के कैडेट्स ने अनेक शस्त्र विद्यायें सीखी। इस कैम्प का नेतृत्व **S.U.O (Senior Under Officer)** सुरेन्द्र के द्वारा किया गया। इस कैम्प में **S.U.O (Senior Under Officer)** दुनेश कुमार को बेस्ट एन.सी.सी. कैडेट्स से सम्मानित किया गया।
- **S.U.O (Senior Under Officer)** दुनेश कुमार ने भारतीय थलसेना कैम्म में भाग लेकर ना सिर्फ हमारे महाविद्यालय का बल्कि संपूर्ण प्रदेश का नाम रोशन किया। दुनेश कुमार ने ही चण्डीगढ़ में इन्टर ग्रुप कम्पीटिशन में भाग लिया तथा शिमला ग्रुप का नेतृत्व किया।
- रिवालसर में हुऐं **RDC Camp** में महाविद्यालय के तीन कैडेट्स ने भाग लिया।
- महाविद्यालय के कैडेट्स ने 15 अगस्त और 26 जनवरी की परेड़ में शामिल होकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।
- इस वर्ष महाविद्यालय के कैडेट्स ने अन्तर्राष्ट्रीय मिंजर मेले में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने के लिए सात दिनों तक अपना योगदान दिया।
- वर्ष 2018 में एन.सी.सी. की बी. परीक्षा का आयोजन धर्मशाला में किया गया। जिसमें महाविद्यालय के 21 कैडेट्स ने परीक्षा उत्तीर्ण की।

महोदय् मुझे यह बताते हुऐ हर्ष हो रहा है की वर्ष 2018–19 में भारतीय सेना की भर्ती में हमारे महाविद्यालय के 33 छात्र चयनित हुऐ जिसमें 17 छात्र एन.सी.सी. के कैडेट्स थे।

## केन्द्रीय छात्र परिषद्

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार सत्र 2018–2019 के लिए छात्र परिषद् के नियमानुसार निम्न पदाधिकारी मेरिट के आधार पर चुने गए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| अभिनव | बी. एस.सी. छठा सत्र | ——— | प्रधान |
| हिमालय ठाकुर | बी.बी.ए. पांचवा सत्र | ——— | उपप्रधान |
| केवल | बी.ए. प्रथम बर्ष | ——— | सचिव |
| देवेन्द्र कुमार | बी.कॉम. प्रथम बर्ष | ——— | संयुक्त सचिव |

केन्द्रीय छात्र परिषद् का शपथ ग्रहण समारोह 15 सितंबर को आयोजित किया गया जिसमें निर्वाचित समस्त सदस्यों को प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के सभागार में शपथ दिलवाई गई।

## अभिभावक-प्राध्यापक संघ

इस संघ का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में गुणात्मक सुधार करना तथा छात्र हितों की रक्षा करना हैं। वर्तमान सत्र में संघ के निम्नलिखित पदाधिकारी है—

| | |
|---|---|
| श्री राजेश कुमार | प्रधान |
| श्रीमति ममता देवी | उप्रधान |
| श्री इन्द्र सिंह ठाकुर (Supdt.) | सचिव |
| श्री सुशील कुमार | सयुंक्त सचिव |
| श्री अजीत भट्ट | कोषाध्यक्ष |
| श्री प्रवीण शर्मा | तकनीकी सलाहकार |

## Rover/ Ranger Unit

राजकीय महाविद्यालय चम्बा की Rover Unit और Range Unit अपने संरक्षक राज्य मुख्य आयुक्त और निदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग हि. प्र. के निर्देशानुसार कार्य करती है जो भारत स्काउट एवं गाइड़ का रूप है। वर्तमान सत्र में Rover Leader सहायक प्राध्यापक अविनाश तथा Ranger Leader सहायक प्राध्यापिका शैली महाजन के नेतृत्व में 32 छात्र व छात्राएं काम कर रहे हैं।

महाविद्यालय के Rovers/Ranger Unit ने Red Ribbon Club के संयुक्त तत्वाधान से विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करवाया व महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था को सुचारु रुप में चलाने में अपना स्वैछिक योगदान दिया।

## Red Ribbon Club

राजकीय महाविद्यालय चम्बा के Red Ribbon Club ने नोडल ऑफिसर सहायक प्राध्यापक अविनाश की देख–रेख में विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया। इसके अन्तर्गत विश्व एड्स दिवस तथा पोषण माह के उपलक्ष्य पर पोस्टर बनाओ, नारा लेखन, निबंध लेखन व भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रुप में माननीय जिलाधीश श्री हरिकेश मीणा जी ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस कडी के अन्तर्गत विद्यार्थियों को समय–समय पर एच.आई.वी. एड्स तथा रक्तदान संबधित जानकारी प्रदान की गई।

## Self Financing Courses

महाविद्यालय में **B.B.A, B.C.A., P.G.D.C.A.** तीन स्वयंवित्त संचालित **Professional Courses** चलाए जा रहे है। प्रत्येक **Course** में 40 सीटें है। इनमें तीस **Subsidies** और दस **Non Subsidies** है।

| Name of Course | Coordinator |
|---|---|
| B.B.A | प्रो. सुनीता महाजन |
| B.C.A | डॉ. हेमन्त पाल |
| P.G.D.C.A | डॉ. ज्योतेन्द्रा ठाकुर |

## B.Vocational Courses

• नई पीढ़ी को कुशल बनाने के लिए Bachelor of Vocational Courses, के Nodal officer डॉ. महेन्द्र सलारिया की देख–रेख में महाविद्यालय मे दो पाठ्यक्रम Retail Management तथा Hospitality & Tourism चलाऐ जा रहे है। इस सत्र में दोनों पाठ्यक्रम में 71–71 छात्र अध्ययननत् है। दोंनो कोर्सज दो मुख्य भागों में बंटे हुए है एक भाग को General component तथा दूसरे भाग को Skill component कहते है। General component 40% है जबिक Skill component 60% है। फरवरी 2017 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने महाविद्यालयों में B.VoC. की शुरुआत की है।

# अन्य गतिविधियाँ

- राजकीय महाविद्यालय चम्बा में 21 जुलाई 2018 को डी.एस.पी. श्री रमाकान्त व उनकी टीम द्वारा "साईबर क्राईम" विषय पर वक्तव्य दिया तथा उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी शंकाओं का निवारण किया।
- राज्य सरकार के आह्वान पर महाविद्यालय परिसर में 10 अगस्त 2018 को भांग उखाड़ो अभियान चलाया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के साथ सभी प्राध्यापकों ने भी बढ़–चढ़ कर भाग लिया।
- शारीरिक शिक्षा विभाग के सह प्राध्यापिका सुनीता महाजन द्वारा 23 अगस्त 2018 को महाविद्यालय परिसर से तड़ोली गाँव तक विद्यार्थियों के लिए क्रॉस कन्ट्री रेस का आयोजन किया गया।
- निर्वाचन विभाग के तत्वाधान से 'स्वीप' कार्यक्रम के अन्तर्गत चार अक्तुबर को मतदाता जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। उपमंडलाधिकारी (नागरिक) श्रीमति दीप्ति मन्ढोत्रा व निर्वाचन कानूनगो श्री संजय कपूर विशेष रुप से उपस्थित रहे।
- प्राणी विभाग के सहायक प्राध्यापक अविनाश की देख–रेख में अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर रंगोली बनाओं व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा अध्यापक दिवस के अवसर पर कार्टून बनाओं, पोस्टर बनाओं, स्पॉट पेन्टिग, भाषण व वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन्होने नेहरु युवा केन्द्र के सहयोग से "देश–भक्ति एवं राष्ट्र निर्माण" विषय पर महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता भी करवाई।
- राष्ट्रभाषा हिन्दी के मान–समान को बनाऐं रखने के लिए हमारे महाविद्यालय का हिन्दी विभाग हर वर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस का आयोजन करता है। इस श्रृंखला के अर्न्तगत 14 सितम्बर 2018 को हिन्दी दिवस अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया गया। इसमे प्रश्नोत्तरी, कविता पाठ तथा भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय तीसा श्रीमति भुवन विज ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।
- 10 अक्तुबर को हि.प्र. विज्ञान प्रोद्यौगिकी और पर्यावरण परिषद् शिमला (HIMCOSTE) के तत्वाधान से राजकीय महाविद्यालय चम्बा में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने हेतू 'पॉपुलर लेक्चर सीरीज' करवायी गयी। इसमें ए.पी.जे. विश्वविद्याल के उप–कुलपति एवं वैज्ञानिक डॉ. तेजप्रताप और प्रधान वैज्ञानिक कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर डॉ. संजीव कुमार मुख्य स्त्रोत व्यक्ति के रुप में मौजूद रहे।
- महाविद्यालय परिसर में 18 अक्तुबर 2018 को भारतीय सेना के तत्वाधान से सेना

की गतिविधियों व उनकी हथियारों की जानकारी प्रदान की गई।

- 28 नवंबर 2018 को महाविद्यालय परिसर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत सभी विभागों के प्राध्यापकों विद्यार्थियों व अन्य कर्मचारियों के सहयोग से विस्तृत सफाई अभियान का आयोजन किया गया।
- महाविद्यालय में 5 दिसम्बर को नशा निवारण अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक चम्बा डॉ॰ मोनिका भटुँगूरु विशेष तौर पर उपस्थित रही। उन्होने नशा तस्करी, उसकी सजा, नशे के दुष्प्रभाव व नशा निवारण सम्बंधी महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों के साथ सांझा की।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ –

- भौतिक विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ॰ हेमन्त पाल ने चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय में 'हि॰प्र॰ विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद्' द्वारा आयोजित कार्यशाला में भाग लिया। इन्होंने उपर्युक्त परिषद द्वारा कसुम्पटी शिमला में आयोजित कार्यशाला में **Resource Person** की भी भूमिका निभाई।
- वनस्पति विभाग की सहायक प्राध्यापिका पूनम सवरवाल ने पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला द्वारा आयोजित 21 दिवसीय **Refresher course** में भाग लिया। इनका **Global Journal of Bioscience and Biotechnology** नामक जनरल में **"Some noteworthy corticoid fungi from district Chamba (HP)"** नामक विषय पर शोध पत्र प्रकाशित हुआ।
- कम्पयूटर विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ॰ चमन सिंह की इसी सत्र में **"Problem solving using Python"** नामक विषय पर एक पुस्तक प्रकाशित हुई, इन्होंने **"A development of Agility mode in Cardiopulmonary Resuscitation learning support system Visualized by Augmented Reality"** नामक विषय पर शोध पत्र भी प्रकाशित किया।
- भूगोल विभाग कि सहायक प्राध्यापिका प्रोमिला ठाकुर ने **"Sustainable smart cities and Graphical studies of slope waste management"** विषय पर पंचकुला में शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापिका शैली महाजन ने उसमानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद में भारतीय वाणिज्य संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में **" Evaluation of Himachal Pradesh Gramin Bank in Empowering**

**Rural People in Himachal Pradesh** " विषय पर शोध पत्र पढ़ा। इन्होंने मई 2018 में हि॰प्र॰ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार में, " **Impact Assessment of regional Rural Bank on Socio Economic Development of People of Himachal Pradesh** " नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

- लोक प्रशासन विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ॰ अजय कुमार ने 11 दिसम्बर 2018 से 7 जनवरी 2019 तक पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़ में **Orientation Programme** में भाग लिया इन्होंने राजकीय महाविद्यालय जुखाला में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार में **'Goods and Service Tax'** नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। डॉ॰ अजय कुमार की इसी सत्र में **"Gujjar of Chamba. A socio-economic study"** नामक विषय पर पुस्तक प्रकाशित हुई।
- हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ॰ सन्तोष कुमार ने 'नेहरू युवा केन्द्र चम्बा' द्वारा आयोजित सेमिनार में " **Personality Development**" नामक विषय पर अपना व्याख्यान दिया, तथा नेहरू युवा केन्द्र द्वारा ही आयोजित जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका भी निभाई। इन्होंने भाषा एवं सास्कृतिक विभाग चम्बा द्वारा हिन्दी पखवाड़ा 2018 में विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभाई तथा भाषा एवं संस्कृतिक विभाग चम्बा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कवि सम्मेलन में मंच संचालक की भूमिका के साथ–साथ कविता पाठ भी किया।
- भूगोल विभाग की सहायक प्राध्यापिका शिवानी ठाकुर ने राजकीय महाविद्यालय देहरी में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा **"Environmental sustainability need of The Hour"** विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रशांत रमण रवि ने वर्तमान सत्र में ' आधुनिक हिन्दी कविता' तथा 'रचना मंजरी' नामक पुस्तकों का सम्पादन किया। इन्होंने चम्बा के विभिन्न पाठशालाओं में 'हिन्दी शिक्षण कैसे करें' विषय पर व्याख्यान दिए। इनका 'समकालीन भारतीय साहित्य तथा मिंजर मेला स्मारिका में भी लेख प्रकाशित हुऐ। प्रो॰ प्रशांत ने गोआ, कोचीन तथा केरल विश्वविद्यालय में व्याख्यान

दिए तथा भाषा एवं संस्कृति विभाग के कार्यक्रमों में निर्णायक की भूमिका भी निभाई।

- वर्तमान सत्र में महाविद्यालय के तीन सहायक प्राध्यापकों प्रो. सुमित, प्रो. शैली तथा प्रो. तेज सिंह ने विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण की।

## सत्र 2018-19 में महाविद्यालय में किए गए विकास कार्यों का संक्षिप्त विवरण-

- महाविद्यालय के Conference Hall के बाहर की गैलरी को ऐलुमीनियम की खूबसूरत एवं डिजाईनर पैनलिंग से कवर करवाकर उसमें एक पैन्ट्री बनवाई गई है।
- प्राणी विज्ञान विभाग के बाहर की गैलरी को ऐलुमीनियम पैनलिंग से कवर करके पुस्तकालय कक्ष में बदल दिया गया है। इस नव-निर्मित कक्षा में विद्यार्थियों को बैठने की व्यवस्था की गई, ताकि उन्हें एकान्त में बैठकर पढ़ने की सुविधा मिल सके।\
- महाविद्यालय के कमरों, गैलरी, पुस्तकालय व अन्य स्थानों पर बिजली के स्विच पॉइन्टस को दुरुस्त करवाया गया।
- महाविद्यालय परिसर की शेष बची हुई चारदीवारी का कार्य प्रगति पर है।
- छात्रों को पीने का साफ पानी उपलब्ध हो सके इसके लिए महाविद्यालय में लगे वाटर प्यूरीफायर की समय-समय पर साफ-सफाई करवायी जाती है। इसके साथ-साथ महाविद्यालय में जहाँ आवश्यक हुआ वहां पेन्ट रंग व डिस्टंपर करवाया गया है। क्लासरुम में बैठने के लिए अच्छे व साफ-सुथरे नयें बैंच लगवाऐ गये है।
- छात्रों की खेल-कूद संबंधी मांग को ध्यान में रखते हुऐ महाविद्यालय के बांयी ओर एक अत्याधुनिक तकनीक द्वारा बॉस्केट वॉल कोर्ट का निर्माण करवाया जा रहा है जिसे बहुत जल्दी छात्रों की सुविधा के लिए मुहैया करवाया जायेगा।

## हमारी कुछ मांगे–

- अन्त में मैं आज के मुख्यातिथि महोदय के ध्यानार्थ कुछ समस्याओं को लाना चाहता हूं जो हमारे लिए बेहद गंभीर हैं। मैं बताना चाहूंगा कि हमारे महाविद्यालय के नए भवन में हम केवल स्नातक स्तर की कक्षाएं चलाने में ही समर्थ है जबकि इसके अतिरिक्त पांच विषयों में चल रही स्नातकोत्तर कक्षाएं, तीन सैल्फ फाइनैंस कोर्सज, इग्नू सैंटर एवं **B. Voc** के दो **Courses** महाविद्यालय के अखंड चंडी स्थित पुराने भवन में ही चलाए जा रहे हैं। महाविद्यालय के दोनों भवनों में दूरी के कारण महाविद्यालय प्रशासन को काम सुचारू रूप से चलाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। महाविद्यालय के छात्रों को भी कई सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के पुराने भवन में **Medical College** शुरू होने से महाविद्यालय को स्थान की कमी पड़ रही है, इसकें कारण भी छात्रों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। महोदय हम आपसे निवेदन करते हैं कि हमें कुछ जगह उपलब्ध करवाई जाए जिससे उपर्युक्त कोर्सेज को भी यहां स्थानान्तरित किया जा सके, ताकि पूरा महाविद्यालय एक ही स्थान पर चल सके। महोदय इसके लिए हम आपके अत्यन्त अभारी रहेंगे।
- महोदय शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद गतिविधियां पठन–पाठन का एक महत्वपूर्ण अंग है, जिसके लिए खेल का मैदान होना आवश्यक है परन्तु महाविद्यालय के पास अपना खेल का मैदान नहीं है, आपके प्रयासों से खेल के मैदान के लिए जो भूमि हमें मिली है, वह अभी तक महाविद्यालय के नाम स्थानान्तरित नहीं हो पाई है। महोदय यह भूमि महाविद्यालय के नाम करवाने की कृपा करें ताकि हम यहां पर शीघ्र अतिशीघ्र खेल का मैदान बना सकें।
- महोदय एक अन्य समस्या महाविद्यालय में शौचालयों से सम्बंधित है। महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के लिए शौचालयों का अभाव है। हम छात्रों को साफ शौचालय की सुविधा दे पायें, इसके लिए हमें लगभग 6 शौचालय छात्रों के लिए तथा 6 शौचालय छात्राओं के लिए अतिरिक्त चाहिए। जिसके लिए लगभग 10 लाख रु की आवश्यकता पड़ेगी। महोदय हमें अतिरिक्त शौचालयों के निर्माण के लिए धन उपलब्ध करवा कर हमें कृतार्थ करें।

- महोदय महाविद्यालय के बास्केट बॉल कोर्ट का कार्य प्रगति पर है और जल्दी ही यह बन कर तैयार हो जाएगा इसकी **Fencing** करना भी अत्यंत आवश्यक है जिसके लिए लगभग 5 लाख रु तक का खर्चा आ सकता है। कृपा करके आप हमें यह धन उपलब्ध करवाऐं ताकि इस कोर्ट की **Fencing** का काम हो पाऐं इसके लिए हम आपके सदा आभारी रहेंगे।
- महोदय महाविद्यालय के भवन को सुरक्षित रखने के लिए इसका रख–रखाव मुरम्मत, **White wash** अत्यंत आवश्यक है। महाविद्यालय अपने स्तर पर समय–समय पर यह काम करता रहा है, परन्तु महाविद्यालय को धन की कमी आड़े आती है। महोदय इसके लिए हमे कुछ धन उपलब्ध करवाकर हमें कृतार्थ करें ।

  इसके लिए हम आपके धन्यवादी रहेंगे।
- महोदय जो भी समस्याऐं या मांग हम आपके सामनें रखते है उसे सुलझाने में आप हमेशा तत्पर रहते हैं, महाविद्यालय को यह ज्ञात है कि माननीय मुख्यतिथि महोदय हमारी उपरोक्त समस्याओं का समाधान करने में पूर्ण रुप से सक्षम है। हमें आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप हमारी इन सभी समस्याओं का निदान करके हमें व इस महाविद्यालय को कृतार्थ करेंगे।

अंत में मैं महाविद्यालय के विद्यार्थीगण, प्राध्यापक वर्ग व गैर प्राध्यापक वर्ग के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करता हूं जिन्होने पूरे सत्र में इस महाविद्यालय के सुचारू संचालन में पूर्ण सहयोग दिया। मैं जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग, परिवहन एवं संचार विभाग सहित समस्त विभागों का हार्दिक धन्यवाद करता हूं जिन्होंने इस महाविद्यालय की आवश्यकताओं के अनुरूप यथासंभव पूर्ण सहयोग दिया। समाचारपत्रों के समस्त संवाददाताओं के प्रति भी आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने समय–समय पर महाविद्यालय की गतिविधियों में रूचि लेकर अमूल्य सहयोग दिया। मैं अभिभावक–प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष श्री राजेश कुमार एवं अन्य सदस्यों के प्रति धन्यवाद करता हूं जिन्होंने पूरे सत्र में समय–समय पर अपना सहयोग दिया।

मैं पुनः माननीय मुख्यातिथि महोदय का हार्दिक अभिनन्दन व धन्यवाद करता हूं जिन्होंनें अपना कीमती समय निकाल कर हमारे विद्यार्थियों को शुभ आशीर्वाद प्रदान किया तथा इनका उत्साहवर्द्धन करने के लिए हमारे बीच में पधारे हैं।

धन्यवाद

..........................

दिनांक
15 मार्च 2019

प्राचार्य
डॉ. शिबदयाल

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

चम्बा हि. प्र.

आरोह तमसो ज्योति